## संक्षिप्त

### किशनलाल जैदिया का सम्मान आज

चूरू, (कासं)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग राजस्थान के उपाध्यक्ष किशनलाल जैदिया का रविवार को अम्बेडकर भवन कालेरा बास वार्ड नम्बर 47 चूरू में नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। यहां अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस चूरू की ओर से आयोजित इस समारोह में सभापति पायल सैनी के सानिध्य में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष किशनलाल जैदिया का सम्मान होगा। यहां अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव वेदप्रकाश पंवार, जिलाध्यक्ष झवरी लाल पंवार, कार्यकारणी के सदस्य एवं वाल्मीकि समाज के कार्यकर्त्ताओं ने जैदिया के सम्मान की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। शहर में मुख्य मार्गों पर 11 स्वागत द्वार बनाये गये हैं। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग राजस्थान के उपाध्यक्ष किशनलाल जैदिया यहां सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनेंगे।

### किशोर गृह का निरीक्षण किया

चूरू, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद बंसल द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रधान मजिस्ट्रेट कविता सोनी व सदस्यगण रामेश्वरलाल प्रजापति व लक्ष्मी चौहान उपस्थित रहे। सचिव प्रमोद बंसल द्वारा निरीक्षण के दौरान विधि से संघर्षरत बालकों के संबंध में जानकारी लेते हुये उनसे समस्याओं के बारे पूछा गया। इस दौरान गृह परिसर की सम्पूर्ण जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये।

### सीताराम लांबा आज झुंझुनूं में

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लाम्बा रविवार को सुबह 7 बजे सुबह पर्यावरण दिवस पर सूचना केंद्र के सामने आयोजित जिला स्तरीय मैराथन एवं प्लास्टिक मुक्त सप्ताह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इस दौरान सीताराम लाम्बा प्रदेश की नवीन युवा नीति, राजस्थान सरकार व युवा बोर्ड द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों को आमजन के समक्ष विस्तार से रखेंगे। इसके बाद वे 11 बजे झुंझुनूं सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।

### रक्तदान शिविर 7 जून को

झुंझुनूं,(निसं)। महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं द्वारा ढाका हॉस्पिटल के सौजन्य से ग्राम ढिगाल सीकेआरडी नर्सिंग कॉलेज परिसर में देश के लिए शहीद हुएनत्थूराम बीशू एवं अजयसिंह चौधरी की स्मृति में 7 जून मंगलवार को सुबह 9 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाने में योगदान करें। यह जानकारी सचिव नागरमल जांगिड़ ने दी है।

### हनुमानपुरा में हुई मारपीट, मामला दर्ज

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मंडावा थाना इलाके के गांव हनुमानपुरा निवासी राकेश पुत्र कर्मवीर जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनको एफआईआर में नामजद आरोपी शेरसिंह पुत्र संजूसिंह निवासी हनुमानपुरा द्वारा बिना किसी कारण के गांव के आम चौक में मारपीट की तथा गाली गलौच निकाली। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेयजल लाइन डालने के दौरान तोड़ी गई सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन



पेयजल लाइन डालने के दौरान तोड़ी गई सी.सी. सड़क, खुर्रा व सड़क की अविलम्ब मरम्मत करवाने की मांग कर जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते नन्द प्लाजा के आसपास के व्यापारीगण।

■ नन्द प्लाजा मार्केट के पास व्यापारियों ने मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। नन्द प्लाजा मार्केट के पास मुख्य सडक पर व्यापारियों नें सडक जाम कर जलदाय विभाग की ओर से पेयजल लाईन डालने लिए तोडी गयी सडक की अविलंब मरम्मत करने की मांग की है।

किसान नेता जगतसिंह ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में जलदाय विभाग ने सडक, खुर्रा, सी.सी. सडक तोड कर पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरूआत फरवरी 2022 में की। जिससे कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, एस.डी.एम. कोर्ट एरिया में लगभग 800 मीटर के लगभग निमार्ण तोडा गया था, जिसको जलदाय विभाग ने चार महीने बीत जाने के बाद भी रिपेयर नहीं किया है। व्यापारियों ने बताया कि अब बाजार में भी जगह-जगह सी.सी. सडक तोडकर पाईप लाईन डालने का कार्य चल रहा है, काफी समय से सडक टुटी होने के कारण दिन भर धूल-मिट्टी उडती रहने से दुकानों में रखा सामान खराब हो जाता है और आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पडता है। व्यापारियों ने बताया कि हम समस्त व्यापारीगण प्रदर्शन कर प्रशासन से मांग करते हैं कि माह फरवरी 2022 से पाईप लाईन डालने के लिए नगरपालिका क्षेत्र में सभी तोडे गये रास्तों के निर्माण को अविलंब एवं साथ-साथ में रिपेयर करवाया जावे। ताकि दुकानों का सामान खराब होने से बच सके एवं आने जाने वाले लोगों को असुविधाओं का सामना ना करना पडे एवं हमारी सरकार की सम्पत्ति की सुरक्षा हो सके तथा कार्य करने वाली कम्पनी भ्रष्टाचार भी ना कर सके।

साथ ही चेतावनी दी कि जलदाय विभाग प्रशासन को पहले भी कई बार प्रदर्शन कर सूचित किया जा चुका है, अगर अब भी प्रशासन उचित कदम नही उठाता है तो आन्दोलन तेज करने के लिए बाध्य होना पडेगा। प्रदर्शन के दौरान धनराज कालोडी वाले, अनिल, मुन्ना लुहार, मनोज शर्मा, विनोद शर्मा, राजू शर्मा, हरिश टेलर, शिवकुमार, उदयभान, निहालचंद पूनियां, प्रदीप सांगवान, सुरेश कस्वां शीशराम गौस्वामी सुबेसिंह ग्वारिया आदी व्यापारी मौजुद थे।

## घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया

सादुलपुर, (निसं)। कस्बे के वार्ड 25 में फतेहपुरिया कुएं के पास स्थित मौहल्ला लुहारान में शुक्रवार रात्रि को अज्ञात चोरों नें घर में घूसकर चोरी की वारदात का अंजाम देने के आरोप का मामला सामने आया है। हांलाकि समाचार लिखे जाने तक इस संबन्ध में पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज नहीं हुआ। जाफर लूहार से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर नें उनके घर में घूसकर 20 ग्राम से अधिक सोने के गहने तथा तीन किलोग्राम चाँदी चोरी कर ले गये। वारदात के दौरान जाफर का परिवार घर पर नहीं था तथा वे अपने सामने वाले घर में सो रहे थे, जिससे सुनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोर नें चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जाफर नें बताया कि इस संबन्ध में राजगढ पुलिस थाने में परिवाद दिया गया है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

■ समाचार लिखे जाने तक इस संबन्ध में थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ


**न्यायालय जिला न्यायाधीश, महोदय झुंझुनूं**
**पीठासीन अधिकारीः- श्री हेमन्त कुमार जैन (जिला न्यायाधीश संवर्ग)**
**सिविल विविध प्रकरण संख्या 15/2022**

1. श्रीमती पूनम माथुर उम्र 32 वर्ष पत्नी स्व. सुनील माथुर जाति कायस्थ निवासी रोडवेज बस स्टेण्ड के पास, वार्ड नं. 18 मुकन्दगढ़ जिला झुंझुनूं हाल निवासी पितृग्रह माथुर कॉलोनी वार्ड नं. 23 पुराना, नया वार्ड नं. 29 पुराना पॉवर हाउस के पास सीकर जिला सीकर। 2. मानव उम्र 6 वर्ष पुत्र स्व. सुनील माथुर नाबालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता श्रीमती पूनम माथुर उम्र 32 वर्ष पत्नी स्व. सुनील माथुर जाति कायस्थ निवासी रोडवेज बस स्टेंड के पास, वार्ड नं. 18 मुकन्दगढ़ जिला झुंझुनूं हाल निवासी पितृग्रह माथुर कॉलोनी वार्ड नं. 23 पुराना, नया वार्ड नं. 29 पुराना पॉवर हाउस के पास सीकर जिला सीकर।

-आवेदकगण

**-बनाम-**

1. श्रीमती सुमन माथुर पत्नी रमेश माथुर, अनिल माथुर पुत्र रमेश माथुर जाति कायस्थ निवासीगण रोडवेज बस स्टेंड के पास वार्ड नं. 18 पुराना, मुकन्दगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं। 3. श्रीमती शालू पत्नी प्रशान्त पुत्री रमेश माथुर निवासी चांदपोल गेट के बाहर, बाण्डिया बास, सीकर तहसील व जिला सीकर (राज.)। 4. हर आम व खास, 5. श्रीमान अधिशाषी अभियन्ता (प.व.स.) जोधपुर डिस्कॉम, सुजानगढ़ जिला चूरू (राज.)

-अनावेदकगण

**आवेदन पत्र बाबत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 बाबत सार्वजनिक सूचना**

महोदय,
उपरोक्त आवेदकगण ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अः धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 के अधीन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदिका नं. 1 के पति का दिनांक 01.06.2020 को मोटरसाईकिल चलाते समय गाय से टकराने से हुई दुर्घटना के दौराने ईलाज एस.एम.एस. हॉस्पिटल जयपुर में देहांत हो गया। आवेदिका नं. 1 के पति सुनील माथुर सहायक अभियंता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. तेहनदेसर जिला चूरू में टैक्नीकल हैल्पर के पद पर नियुक्त थे। मृतक सुनील माथुर के सेवा संबंधी परिलाभों में सी.पी.एफ. खाता संख्या NO7224 में माह दिसंबर 2021 तक की राशि 381065/- रूपये एवं अन्य परिलाभों में डी.एल.आई. की राशि तथा ग्रेजवेटी की राशि मृतक के वारिसान को भुगतान होना देय है। उक्त आवेदकगण के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की जरूरत है और आवेदकगण मृतक सुनील माथुर के वैध उत्तराधिकारी है। आवेदकगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी होने में अनावेदकगण को कोई आपत्ति हो, इसलिए अब हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदकगण के हक में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में किसी को कोई एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में दिनांक 27.06.2022 को उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा आवेदगण के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा एवं समाहत नहीं किए जायेंगे।
आज दिनांक 18.5.2022 को जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय, झुंझुनूं**


## पानी की समस्या, रोड जाम करने की चेतावनी दी



हमीरवास में पेयजल की किल्लत को लेकर महिलाएं व पुरुषों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

सिंघाना, (निसं)। झुंझुनूं के सिंघाना के समीप थली ग्राम पंचायत के हमीरवास में गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या विकराल रूप ले रही है। गांव में तीन पानी की टंकियां बनी हुई है। लेकिन पिछले तीन चार दिन से तीनों टंकियां पानी के अभाव में खाली पड़ी है। पेयजल की किल्लत को लेकर महिलाएं व पुरुषों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की किल्लत को लेकर पंचायत व संबधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवा दिया गया। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों के पेयजल की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करने की सूचना पर भाजपा के युवा नेता विकास भालोठिया मौके पहुंच कर जानकारी ली। विकास भालोठिया ने खाली पड़ी तीनों टंकियों में टैंकरों से पानी डलवाया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान तीन दिन में नहीं किया गया तो सड़क जाम कर प्रदर्शन करेंगे। महिलाओं ने बताया कि चुनाव के समय तो नेता घर-घर वोट मांगते हुए झूठे वादे कर लेते है, लेकिन चुनाव के बाद जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीण टैंकरों से पानी खरीदने के लिए मजबूर हो रहे है।

## चोपदार ई-लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ आज

झुंझुनूं, (निसं)। डॉक्टर सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन के सौजन्य से अंबेडकर बालिका छात्रावास झुंझुनूं में छात्राओं की महत्ती आवश्यकता को महसूस करते हुए फाउंडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार द्वारा ई-लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया है। डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झुंझुनूं द्वारा सुबह 9:15 बजे अंबेडकर भवन झुंझुनूं में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक आरपीसिंह, एसपी राजेंद्र कुमार, समाजसेवी एवं डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एमडी चोपदार, महावीर सानेल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनीश खान, समाज कल्याण अधिकारी अशफाक खान, पीआरओ हिमांशु सैनी, संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग पितराम काला, समाजसेवी मनोज घुमरिया एवं शिक्षा अधिकारी सज्जाद हुसैन कार्यक्रम में बतौर अतिथि होंगी। फाउंडेशन ने छात्राओं की लाइब्रेरी की समस्या को दूर कर एक नई दिशा प्रदान की, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में इस लाइब्रेरी के माध्यम से बहुत सी छात्राओं का भविष्य बनेगा।

## विद्युत विभाग ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर 21 घरों में बिजली चोरी पकड़ी



कार्रवाही के दौरान घरों के कनेक्शन काटती विभाग की टीम।

पचेरी कलां, (निसं)। पचेरी विद्युत विभाग की टीम द्वारा इलाके में ताबडतोड़ छापेमारी कर 21 घरों में बिजली चोरी पकडी गई। टीम ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेगी है। शनिवार की सुबह 4 बजे एमडी एनएस निर्वाण के निर्देशन पर अभियंता सुभाष मीणा के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीमों द्वारा अलग-अलग जगह छापेमारी की गई। सुबह जब आस पास इलाके में बिजली कर्मचारी मकानों पर कार्यवाही करते दिखे तो बिजली चोरी करने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गांवों में लोग इधर उधर भागते नजर आए। अभियंता सुभाष मीणा ने बताया कि लगभग 40 घरों में छापेमारी की गई है। जिसमें 21 घरों में बिजली चोरी पकडी गई। जिसमे 5 लाख 25 हजार का वीसीआर भर लगाया जुर्माना। वहीं बकाया राशि के लिए भी आभियान जारी है। 2 दर्जन से अधिक बड़े बकायेदारों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। एईएन सुभाष मीणा ने बताया की बिजली की डिमांड और छीजत को देखते हुए एनएस निर्वाण के द्वारा सुबह 4 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्यवाही की गई। एईएन मीणा ने बताया की पचेरी, रायपुर, रसूलपुर अहीरन, निहालोठ, सोहाली, सांतोर, बृजपुरा, भालोठ आदि इलाकों में यह कार्यवाही की गई है और कार्यवाही निरंतर चालू रहेगी। अभियान के दौरान टीम रमेश, अनिल, संजय, आसान अली, किशोर सिंह, अजय, मुकेश आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खासोली, पं.स. चूरू**

क्रमांक :- निर्माण/खुली-बोली/2022-23/ दिनांकः-............

**खुली निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्य के लिए सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विवरण www.sppp.rajasthan. gov.in पोर्टल पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. ZCR2223WSOB00347, ZCR2223WSOB00351,
ZCR2223WSOB00348, ZCR2223WSOB00352,
UBN No. ZCR2223WSOB00349, ZCR2223WSOB00351,
ZCR2223WSOB00350

(तीजा देवी) सरपंच ग्राम पंचायत खांसोली (चूरू)

(बीरबल धारीवाल) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खांसोली (चूरू)


## राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक मशाल यात्रा का स्वागत

चिड़ावा , (निसं)। ग्रामीण इलाकों में खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करने और ग्रामीण ओलम्पिक की जानकारी देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक मशाल यात्रा निकाली जा रही है। ये यात्रा शनिवार को चिड़ावा शहर पहुंची। यहां पर पंचायत समिति के सामने सांख्यिकी अधिकारी रण सिंह व शारीरिक शिक्षक जयसिंह धनखड़ की अगुवाई में यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में साथ चल रहे कर्मचारियों व खेलकर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इसके बाद हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया गया। रण सिंह ने बताया कि ये यात्रा यहां से पिलानी, सिंघाना, खेतड़ी पंचायत समिति क्षेत्रों में भी जाएगी। इस मौके पर नाहरसिंह थालोर, प्रवेश चौधरी सहित काफी खेल प्रेमी और पंचायत समिति कार्मिक मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर ने किया एसटीपी और बीहड़ क्षेत्र का निरीक्षण

झुंझुनूं, (निसं)। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी बीहड़ क्षेत्र में इकट्ठे हो रहे गंदे पानी को लेकर बेहद गंभीर हैं। उन्होंने शनिवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद भी डीएफओ राजेंद्र कुमार हुड्डा, आरयूआईडीपी के एक्सईएन दिनेश कुमार वर्मा, एसडीएम शैलेश खैरवा व अन्य अधिकारियों को लेकर बीहड़ क्षेत्र में एसटीपी का निरीक्षण किया। उन्होंने आरयूआईडीपी, वन विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों से तकरीबन 1 घंटा चर्चा करते हुए समाधान निकालने को कहा। इस संबंध में रविवार को भी एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बीहड़ क्षेत्र में जहां पानी इकट्ठा है वहां सड़क की तरफ मजबूत बर्म बांधे। ताकि वाहन चालकों को किसी तरह की गफलत और परेशानी नहीं हो।

उन्होंने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी की खपत की भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसानों से बात की जाए, ताकि सब्जी उत्पादन में किसानों को लाभ पहुंच सके। इस दौरान डीएफओ आरके हुड्डा और एसडीएम शैलेश खैरवा ने उपचारित पानी का वाहन वॉशिंग सेंटर में उपयोग का भी सुझाव दिया। इस दौरान एडीएम जेपी गौड़, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल, पीआरओ हिमांशु सिंह भी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी लेते जिला कलेक्टर।


भारत सरकार
प्रशिक्षण महानिदेशालय
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय

Azadi Ka amrit Mahotsav

Directorate General of Training

**प्रवेश सूचना - 2022-23 पाठ्यक्रमों के लिए**

**राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआइज) तथा प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीओटीज) में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जाएगा जो 17.07.2022 को निर्धारित की गई है। देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली सीबीटी (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश हेतु वेबसाइट www.nimionlineadmission.in पर दिनांक 06.06.2022 से 25.06.2022 के बीच आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी विवरण वेबसाइट: www.nimionlineadmission.in पर उपलब्ध होंगे।**

DAVP/63101/11/0006/2223



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, गुढ़ागौडजी (राज.)**

Tel. No.01594-263001 Email- Kums.gudagorji@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-105-17 दिनांकः-23.05.2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण इच्छुक के सूचति किया जाता है कि मण्डी प्रांगण में मोबाईल क्लीनिंग ग्रेडिंग शॉटिंग मशीन (2TTH) के संचालन हेतु व्यापार संघ/मण्डी समिति के अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी/एफ.पी.ओ./एफ.पी.सी./क्रय-विक्रय सहकारी समिति/सेवा प्रदाता/अन्य से अनुबनध हेतु खुली बोली के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | सामग्री विवरण | अनु. लागत | बोली प्रपत्र शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा फॉर्म प्राप्त करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोबाईल क्लीनिंग ग्रेडिंग शॉटिंग मशीन (2TTH) को ठेके पर संचालन हेतु | आरक्षित राशि | 200 | 3600 रू. | 23.05.2022 से 08.06.2022 को 11 बजे तक | मण्डी प्रांगण में मोबाईल क्लीनिंग ग्रेडिंग शोटिंग मशीन (2TTH) के संचालन हेतु खुली निलामी दिनांक 08.06.2022 को सांय 2 बजे कार्यालय में होगी। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 08.06.2022 को दोपहर 12 बजे तक निर्धारित धरोहर राशि 3600 रू जमा कराकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकता है। |

निविदा प्रपत्र व शर्तों का अवलोकन www.sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल http://agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर किया जा सकता है। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर या कार्यालय से क्रय कर प्रपत्र मूल्य व प्रतिभूति राशि का बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि कृषि उपज मण्डी समिति गुढ़ागौडजी के नाम से हो निर्धारित दिनांक एवं समय तक कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

प्रशासक सचिव


# बेसरड़ा गांव में कारगिल शहीद रामकरण सिंह का 23वां शहादत दिवस मनाया



उपखंड के बेसरड़ा गांव में शहीद की प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन भी किया गया।

■ कारगिल शहीद रामकरणसिंह के 23वें शहादत दिवस पर हुआ प्रतिमा का अनावरण

खेतड़ी,(निसं)। उपखंड के बेसरड़ा गांव में कारगिल शहीद रामकरण सिंह का 23वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान शहीद की प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद नरेंद्र खीचड़, विशिष्ट अतिथि सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनियां, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया थे।

जबकि अध्यक्षता इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नरेंद्र खीचड़ ने कहा कि झुंझुनूं जिले की पहचान शहीदों की गौरव गाथा से होती है। झुंझुनूं जिले की मिट्टी में शौर्य की एक ऐसी कहानी लिखी हुई है। जिससे यहां का हर युवा सरहद की रक्षा के लिए हंसते हंसते अपने देश के लिए कुर्बान हो जाता है। देश की सुरक्षा में सबसे ज्यादा सैनिक शेखावाटी में झुंझुनूं जिले ने दिए हैं। जिसमें सबसे अधिक शहादत प्राप्त करने का गौरव भी जिले को है। शहीद हमारे लिए पूजनीय होते हैं, हमें हर मंगल कार्य को शुरू करने से पहले इनका ध्यान रखना चाहिए। युवाओं के लिए देश की रक्षा में शहादत देने वाले बहादुर नौजवान एक प्रेरणा स्त्रोत होते हैं।

जिससे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शहीद की वीरांगना संतोष देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। शहीद रामकरण सिंह 4 जून 1999 को कारगिल दुश्मनों से लोहा लेते हुए देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। कार्यक्रम में लोक गायक जयवीर भाटी एंड पार्टी की ओर से देश भक्ति के गीतों का कार्यक्रम पेश किए गए। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शहीद के सम्मान में युवाओं ने तिरंगा यात्रा भी निकाली। इस मौके पर नांगल चौधरी विधायक अभयसिंह यादव, सैन समाज जिलाध्यक्ष डॉ. बीएल वर्मा, प्रभु गुर्जर राजोता, विजनेस गुर्जर, मुकेश सैन, पूर्व सरपंच शिवताज सिंह, जगदीश मास्टर, ओमप्रकाश सैन, रामनिवास सैन, जगदीश सैन, नाहरसिंह सरपंच नांगलिया, शिवलालसिंह शेखावत बसई, रोहिताश, महेंद्र छावडी, राजकुमार, सत्यवीर सिंह सैन सहित कई ठामीण उपस्थित थे।